### महाशिवरात्रि पर अंबेडकर वार्ड में हुआ हवन पूजन के साथ भंडारा

# भोलेनाथ की भक्ति में भक्तिमय हुआ नगर

*** देर रात तक भक्ति में लीन रहे नगरवासी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





महाशिवरात्रि के अवसर पर अंबेडकर वार्ड में आयोजन श्रद्धा भक्ति से पूर्ण हुआ। बताया गया कि यहां 20 से अधिक वर्षों से आयोजन की परंपरा चली आ रही है, इसमें परंपरागत धार्मिक आयोजन में वार्ड वासी मिलकर पूर्ण सहभागिता करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। बताया गया कि इसमें महाशिवरात्रि के एक दिन पहले परंपरागत लेडीज संगीत का आयोजन किया गया इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इसमें धार्मिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति की जाती है इसमें महिलाओं के साथ-साथ बच्चों का भी सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा में सहभागिता रहती है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह सभी वार्ड वासियों की मौजूदगी में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इसमें सभी वार्ड वासियों ने मिलकर भगवान शिव की आराधना की एवं उनके जयकारे लगाए। इस दौरान वातावरण जय भोले, हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पंडित वासुदेव शर्मा को शॉल पहनकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें पहले कन्याओं को भोजन प्रसादी वितरण किया गया, तत्पश्चात आम नागरिकों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन पूर्ण हुआ, आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष महिला एवं बच्चों ने सहभागिता की।

#### भुआबिछिया क्षेत्र के देवालयों में देर शाम तक पूजन चली

ओर लगे हर हर महादेव के जयकारे भुआ बिछिया मंडला आज फागुन माह में त्रयोदशी तिथि को संपूर्ण नगर सहित क्षेत्र में भगवान भोलेनाथ की शिवरात्रि मनाई गइ प्रातः काल से सभी घरों परिवारों में शुद्ध मिट्टी जल दूध शहद आदि के समावेश से शिव लिंग बनाकर विधि विधान से फूल बेलपत्र सीजन में उपज के गेहूं की बाल चना मसूर अलसी आम भौर अकौना फल और फूल सहित सभी सामग्री से पूजन की गई वही सम्पूर्ण नगर के मंदिर देवालयों में शाज सज्जा कर कही अखंड रामायण कही अखंड रामधुन कही मंत्रोपचार का वाचन चल रहा इसी तरह नगर के हरेक महादेव के मंदिर में पंडितों के मंत्रों पचार से रुद्राभिषेक किया गया पूरे नगर शिव मय के जय करो से गूंजता रहा सुबह से शाम तक नगर के मंदिरों में रुद्राभिषेक के साथ जयकारे लगते रहें ब्लाक कालोनी शिव मंदिर वेयर हाउस रेस्ट हाउस पुलिस थाना बंजारी माता मंदिर के साथ सभी मंदिरों में देर शाम तक पूजन करते लोग देखे गए प्रसिद्ध शिव मंदिर भुआ में भजन कीर्तन रामायण पाठ चल रहा बताया गया है कि। दिन ओर रात्रि के चारों पहर में शिव जी के रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है वहीं रात्रि जागरण कर शिव आराधना करना भी बताया गया है पूरी रात्रि शिव आराधना करने चल रही है

स्थानीय हनुमान नाला मंदिर में 15 फरवरी दिन रविवार से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री हनुमान नाला मंदिर आश्रम के शिव मंदिर में प्रातः 10 बजे से श्री शिव जी का रुद्राभिषेक एवं संगीत के साथ ओम नमः शिवाय का जाप किया किया जा रहा जो 16 फरवरी दिन सोमवार को 2 बजे समापन के साथ हवन पूजन कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जहां आस पास ग्रामों से लोग आ रहे है बिछिया अंजनिया सिहोरा घुटास थोड़ा सहित आस पास ग्रामों से लोग पहुंच रहे हैं

#### ब्रह्माकुमारीज के सेवाकेंद्र पर धूमधाम से मनाया गया 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंडला के द्वारा 90 वीं त्रिमूर्ति शिवजयन्ती के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य सेवाकेंद्र बस स्टैंड के पीछे स्थित विश्व शांति भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला जिला संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, नैनपुर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन, निवास सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शिवकुमारी बहन, रामकृष्ण सेवाश्रम के संचालक भ्राता सारदात्मानन्द स्वामी, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के मंडला डिंडोरी बालाघाट के प्रबंधक भ्राता सुरेश परस्ते एवं ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। भोलेनाथ शिव बाबा को भोग लगाया। केक कटिंग किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को 90 वीं शिवजयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय कलियुग का अंतिम चरण चल रहा है, यह सारा काल, रात्रि अथवा महारात्रि ही है। हम सबका कर्तव्य है कि उनकी आज्ञानुसार हम नैष्ठिक पवित्रता और शुद्धता का पालन करें और शिव के अर्पण होकर संसार की ज्ञान सेवा करे। अब मनुष्यों को चाहिए कि विकारों रूपी विष से नाता तोडक़र परमात्मा शिव से अपना नाता जोड़े। स्वामी सारदात्मानंद ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और सभी को शिवरात्रि का महत्व बताया। सुरेश परस्ते ने सभी को शिवजयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान में आत्मा को सुंदर पवित्र बनाने की शिक्षा दी जाती है। हम हर एक अपने जीवन के मालिक बनें। योगी बनना अर्थात योग्य बनना। भगवान के बच्चे कहलाने लायक बनना। खुद के जीवन को सुधार कर दूसरों के लिए शुभभावना रखें। कार्यक्रम के तत्पश्चात सेंटर में शिव ध्वज फहराया गया। सभी को भोग दिया गया। इसके बाद शोभायात्रा व झांकी निकाली गई। शिव जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा व झांकी स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन से होते हुए बैगा बैगी चौराहा, बड़ चौराहा, चिलमन चौक, पड़ाव होते हुए सुभाष वार्ड स्थित सेंटर पहुंचीं। सुभाष वार्ड स्थित सेंटर में कार्यक्रम हुआ, जहां शिव का झंडा फहराया गया, इसके बाद शोभायात्रा बस स्टैंड होते हुए रपटा में संपन्न हुई।






## मिलेट फूड फेस्टिवल विवाद कृषि विभाग पर उठे सवाल



*** हिन्दू संगठनों ने दर्ज कराई शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मण्डला मिलेट फूड फेस्टिवल में शनिवार रात एक पुस्तक स्टॉल को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामले में हिंदूवादी संगठनों तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने अलग-अलग शिकायतें पुलिस में दर्ज कराई हैं। हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि फेस्टिवल में लगाए गए एक बुक स्टॉल पर हिंदू धर्म एवं देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक सामग्री वाली पुस्तकें बेची जा रही थीं। उनका कहना है कि इस प्रकार की सामग्री समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास है। विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री अमित बैरागी के अनुसार, प्रशासन की मौजूदगी में इस प्रकार की पुस्तकें बेचे जाना अत्यंत आपत्तिजनक है।

#### विश्व हिन्दू परिषद ने जताई आपत्ति कार्रवाई करने की मांग

उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री की बिक्री से सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पुस्तक विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों में सामग्री की पूर्व जांच अनिवार्य की जाए। इसके साथ ही बताया कि सोमवार की शाम उक्त विवादित पुस्तक को जलाकर प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे और पुस्तक विक्रेताओं के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता तारेंद्र चौरसिया ने प्रशासन की मौजूदगी में ऐसी पुस्तकों की बिक्री की जांच कराने की मांग की। डीएसपी सतीश कुमार के अनुसार, शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### विवाद के केंद्र में कृषि विभाग

विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री अमित बैरागी ने कहा कि इस आयोजन की जिम्मेदारी कृषि विभाग पर होने के कारण विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन कृषि विभाग की देखरेख में हुआ। स्टॉल आवंटन और सामग्री अनुमति प्रक्रिया पर पारदर्शिता को लेकर प्रश्न उठे हैं। विरोध करने वाले पक्षों का कहना है कि प्रशासनिक निगरानी में ऐसी सामग्री की बिक्री कैसे हुई। फेस्टिवल से जुड़े प्रभारी उपसंचालक कृषि अश्वनी झारिया एवं सहायक संचालक कृषि अरविंद वर्मा की भूमिका को लेकर स्थानीय स्तर पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। दोनों ही अधिकारी हिन्दू विरोधी मानसिकता के है। स्टॉल आवंटन प्रक्रिया एवं अनुमति प्रणाली की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की जा रही है। प्रशासन और पुलिस ने स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई और जवाबदेही स्पष्ट होने की संभावना है।

### अंजनिया में पेंशनर्स मिलन समारोह हुआ आयोजित, नवागत पेंशनर्स सदस्यों का शाल भेंट कर किया सम्मानित



मण्डला। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला मण्डला की उपतहसील इकाई अंजनिया के अध्यक्ष बीआर यादव के दिशानिर्देश में जिला अध्यक्ष सह उपप्रांताधक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एसएन अली, मण्डला तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया, तहसील सचिव रवीन्द्र कुशवाहा, भुआ बिछिया अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर तथा पदमी अध्यक्ष भगवानदास ठाकुर के विशिष्ठ आतिथ्य में पेंशनर्स मिलन समारोह ग्राम पंचायत भवन अंजनिया में किया गया। कार्य का प्रभावी संचालन भागवत झारिया के द्वारा किया गया। अंजनिया अध्यक्ष बीआर यादव के द्वारा प्रगति प्रतिवेदन के माध्यम से उनके कार्यकाल में 64 सदस्यों को संगठन से जोडऩे संबंधी उपलब्धी का उल्लेख किया गया। उद्बोधन श्रृंखला में विनोद सुरेश्वर, नागेन्द्रनाथ चौरसिया, नर्मदा प्रसाद झारिया, रामभजन पटेल, भगवानदास ठाकुर व रवीन्द्र कुशवाहा ने संगठन को मजबूत करने अधिकतम पेंशनरों को संगठन से जाड़ेने पर बल दिया गया। शिक्षक संवर्ग को अवकाश नगदीकरण का लाभ न दिये जाने व 35 वर्ष पूर्ण कर चुके समस्त कर्मचारियों को बिना किसी सीमा की बाध्यता के चतुर्थ समयमान वेतनमान दिये जाने व आयुक्त भोपाल द्वारा 30 जून व 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त पेंशनरो की याचिका को माननीय हाई कोर्ट द्वारा उनके पक्ष में पारित आदेश के बाद भी अनेकों शिक्षकों के आदेश जारी नहीं किये गये हैं।


### रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहन जप्त



**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर हिरदेनगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहन, वाहन पावर ट्रेक ट्रेक्टर बिना नंबर नीला रंग मय ट्राली एवं नीला रंग पावर ट्रेक ट्रेक्टर बिना नंबर मय ट्राली को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

**समापन** | **श्रीअन्न के स्वाद और सांस्कृतिक छटा ने मोहा नगरवासियों का मन।**

# दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का भव्य समापन





*** स्थानीय पुलिस ग्राउंड में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**मोटे अनाज (श्रीअन्न) के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और इसके स्वास्थ्यगत लाभों से आमजन को परिचित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मण्डला तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का सफलतापूर्वक समापन हुआ। स्थानीय पुलिस ग्राउंड में आयोजित इस उत्सव में नगरवासियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।**

आयोजन के दौरान स्थानीय व्यंजनों की खुशबू और श्रीअन्न (मिलेट्स) के अनोखे स्वाद ने आगंतुकों का दिल जीत लिया। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने न केवल मिलेट्स से बने पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का आनंद लिया, बल्कि पोषण और पारंपरिक खेती के महत्व के प्रति जागरूकता भी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि श्रीअन्न हमारी संस्कृति की पहचान होने के साथ-साथ भविष्य का "सुपरफूड" भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए किसानों और आम नागरिकों से मोटे अनाज को अपनी थाली में पुनः स्थान देने का आह्वान किया तथा इसे किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया।

विधायक निवास चैन सिंह वरकडे ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पोषण और परंपरा दोनों को सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, विनय मिश्रा, उपसंचालक कृषि अश्वनी झरिया, सहायक संचालक मधु अली, परियोजना अधिकारी अनूप नामदेव, एपीसी मुकेश पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण बाजरा, कोदो, कुटकी और अन्य मोटे अनाजों से बने व्यंजनों के स्टॉल रहे, जहां लोगों ने मिलेट्स के विविध स्वादों का अनुभव किया। कला प्रेमियों के लिए बाजरा आधारित रंगोली, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध राई नृत्य और जनजातीय संस्कृति का प्रतीक भगोरिया नृत्य विशेष आकर्षण रहे। साथ ही रॉक बैंड की प्रस्तुति और गेमजोन ने युवाओं व बच्चों को उत्सव से जोड़े रखा।

### नियुक्ति का इंतजार कर रहे अतिथि शिक्षकों में बढ़ रहा आक्रोश

*** वर्ग-1, 2, 3 परीक्षा पास करने के बावजूद नियमित नियुक्ति का इंतजार, महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग-01, 02 एवं 03 उत्तीर्ण कर चुके सैकड़ों अतिथि शिक्षक अभी भी सरकारी स्कूलों में नियमित पद पर नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। खासकर महिला अतिथि शिक्षकों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। इनके पास वर्षों का अनुभव प्रमाण-पत्र है, फिर भी शासन-प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले के कई विकासखंडों में ये शिक्षक निराशा और आक्रोश के साथ सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब होगी उनकी नियमित नियुक्ति? अतिथि शिक्षकों ने वर्ग-01,02 और 03 की परीक्षा पास कर ली है ऐसे कई अतिथि शिक्षक फिलहाल स्कूलों में कार्यरत नहीं है और कुछ कार्यरत हो सकते हैं। कई महिलाओं ने घर-परिवार की जिम्मेदारियां संभालते हुए भी इन परीक्षाओं को पास किया, लेकिन नियमित पद नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। एक महिला अतिथि शिक्षिका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, हमारे पास अनुभव प्रमाण-पत्र हैं, हमने परीक्षा पास कर ली है, लेकिन परीक्षा पास करने के बाद सरकारी स्कूलों में नियमित नियुक्ति नहीं की जा रही है नियमित शिक्षक बनने के बाद स्थिर वेतन, पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलतीं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश स्तर पर नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन जो परीक्षा पहले ही पास कर चुके हैं, उन्हें सीधे नियमित पद पर पदस्थापना क्यों नहीं की जा रही? वे मांग कर रहे हैं कि परीक्षा उत्तीर्ण सभी अतिथि शिक्षकों को तत्काल नियमित शिक्षक के रूप में सरकारी स्कूलों में नियुक्त किया जाए। अतिथि शिक्षक लगातार पूछ रहे हैं कि जिले के विधायक इस मुद्दे को विधानसभा में क्यों नहीं उठा रहे? उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने और प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। एक अतिथि शिक्षक ने कहा, हम महिलाओं के साथ अन्य साथियों की मांग है कि विधानसभा सत्र में इस विषय पर प्रश्न पूछा जाए और सरकार को घेरा जाए। मण्डला जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अतिथि शिक्षक वर्षों से इन स्कूलों को संभाल रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार नहीं मिल रहा। अतिथि शिक्षकों की मांग है कि शासन तत्काल कदम उठाए और परीक्षा पास करने वाले सभी योग्य अतिथि शिक्षकों, खासकर महिलाओं को नियमित पद पर नियुक्त कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए। यदि यह मुद्दा जल्द नहीं सुलझा तो जिले में आंदोलन की आशंका बढ़ गई है।

**खबर संक्षेप**

## तलाक की बात को लेकर पति ने पत्नी से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के बीजासेन वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पति से आये दिन झगडा विवाद होने के कारण मैने अपने पति से तलाक लेने के लिय 6 माह पहले न्यायालय में केस लगाया है जो न्यायालय में चल रहा है। लेकिन मेरे पति माधवन तलाक का केस वापस करने के लिये आये दिन धमकी देते हुये मारपीट करने से नही चूकता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस मेरा पति माधवन सोनी कमरे में आकर कमरे का सामान फैकने लगा और गंदी गंदी गालिया देते हुये बाल पकड़कर प्रार्थिया के सिर को दीवार में मारते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम जाईखेड़ा निवासी अरूण पिता कालूराम ठाकुर उम्र 18 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह जब अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान ग्राम बेलखेड़ी के पास एक कार क्रमांकMP49C/8725 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी बाइक चालक को चोटे आने के चलते पुसिल ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## उधारी के पैसा मांगने पर कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने अपने गांव के राजेश वर्मा को एक दिन के लिये 12 सौ रूपया उधार दिये गये थें। जब वह बाजार में मिला तो वह प्रार्थी द्वारा वह उधारी के पैसा राजेश से मांगे जाने पर वह गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सवारों को कार ने मारी टक्कर

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने दोस्त देवा काले व गौकरण साहू के साथ मोटर साईकिलक्रमांक MP20-ZM-5591 पर सबार होकर नरसिंहपुर से कौड़िया आ रहा था उसी दौरान कौडिया पुलिया के पास एक कार क्रमांक MP20-ZG-3687 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये मोटर साईकिल में टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके अन्य दो साथियों को चोटे आने के चलते पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस माता वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसके घर के पास रहने वाले कोमल उर्फ भूरा जाटव से पुरानी बुराई चल रही है। बीते हुये दिवस उसी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा जब उसे गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



### महाशिवरात्रि पर डिंडौरी में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवालयों में दिनभर गूंजते रहे जयकारे

# कुकर्रामठ के ऐतिहासिक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में देर रात तक चली पूजा-अर्चना

**डिंडौरी।** जिले में महाशिवरात्रि श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह होते ही नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने पवित्र नदी में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और इसके बाद शिव मंदिरों की ओर रुख किया। दिनभर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।नर्मदा किनारे स्थित शिवालयों में विशेष पूजन की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल, दूध और पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक किया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित हुए।

### कुकर्रामठ में लगा आस्था का मेला

समनापुर जनपद के अंतर्गत ग्राम कुकर्रामठ स्थित प्राचीन ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर के आसपास मेले जैसा दृश्य रहा, जहां दिनभर चहल-पहल बनी रही।डिंडौरी मुख्यालय के साथ ही शहपुरा, मेहंदवानी, अमरपुर, बजाग और करंजिया



क्षेत्र के शिवालयों में भी विशेष पूजा का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रमुख नर्मदा घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन का अवसर मिल सके।

### घाटों पर रही रौनक, भंडारों में उमड़ी भीड़

डेम घाट, पुल घाट, शनि घाट, इमली कुटी घाट, जोगी




टिकरिया घाट, भवतारिणी घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, दही, चावल, घी, भांग और धतूरा अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।जिले के कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे दिन जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

## शहपुरा में मुनिश्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज का भव्य स्वागत, संस्कार पब्लिक स्कूल में दिया प्रेरणादायी संदेश

**शहपुरा (डिंडौरी)।** मुनिश्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज का रविवार को शहपुरा नगर में भव्य आगमन हुआ। वे आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य, दिगंबर जैन समाज के ओजस्वी वक्ता, लेखक एवं प्रखर चिंतक के रूप में विख्यात हैं। उनके आगमन से जैन समाज सहित नगरवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।नगर प्रवास के दौरान मुनिश्री ने संस्कार पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं नागरिकों को संबोधित किया। अपने प्रेरक प्रवचन में उन्होंने नैतिक मूल्यों, संयम, संस्कार और आध्यात्मिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में भौतिक उन्नति के साथ-साथ चरित्र निर्माण और आत्मसंयम भी उतना ही आवश्यक



है।मुनिश्री ने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रमपूर्वक आगे बढ़ने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है, जो व्यक्ति को श्रेष्ठ इंसान बनाए और समाज में सद्भाव एवं नैतिकता का वातावरण स्थापित करे।कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक सदस्य, विद्यालय परिवार तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुनिश्री के ओजस्वी विचारों से श्रोता भावविभोर हो उठे।

## झरिया धर्मशाला में भव्य शिव मंदिर की स्थापना विधि विधान के साथ हुई प्राण प्रतिष्ठा

**शहपुरा - नगर के उमरिया रोड स्थित झारिया धर्मशाला में झारिया मेहरा समाज द्वारा भव्य शिव मंदिर की स्थापना एवं भगवान शिव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोहपूर्वक संपन्न कराई गई। धार्मिक आस्था और उल्लास के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।**



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ हुई। विद्वान पंडितों के निर्देशन में विधि-विधान से भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना पूर्ण होते ही पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक तथा बेलपत्र अर्पित कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ती रही और महिलाओं ने मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समाज के युवाओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। मूर्ति स्थापना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सामाजिक सद्भाव और एकता का भी सुंदर उदाहरण देखने को मिला।इसी के साथ महाशिवरात्रि का पर्व पूरे शहपुरा क्षेत्र में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अमोल आश्रम, हलहाल धारा, कल्याण केंद्र सहित नगर के विभिन्न शिव मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा। मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं और "बम-बम भोले" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि झारिया धर्मशाला में शिव मंदिर की स्थापना से अब श्रद्धालुओं को नियमित पूजा-अर्चना के लिए स्थायी स्थल उपलब्ध होगा। भविष्य में यहां धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, समाजजनों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, आस्था और उत्साह का विशेष वातावरण बना रहा।

## महाशिवरात्रि पर सतगुरु कबीर आश्रम में एसकेडीवी मिशन, मनम एवं महंतों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**डिंडौरी।** जिला में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नर्मदा तट स्थित सतगुरु कबीर आश्रम में एसकेडीवी मिशन की राज्य उपप्रतिनिधि वंदना मानिकपुरी के नेतृत्व में एसकेडीवी मिशन महिला नवोदय महासभा (मनम) एवं महंतों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरु कबीर साहेब की आरती-वंदना से हुआ। इस अवसर पर वंदना मानिकपुरी ने पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब का चित्र आश्रम को सप्रेम भेंट किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कबीर पंथ का मूल आधार सेवा, प्रेम और दया है। पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के निर्देशों का पालन करते हुए सभी जीवों के प्रति दया भाव रखकर सेवा कार्यों को समयानुसार एवं व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाना आवश्यक है।उन्होंने महिला नवोदय महासभा (मनम) की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती किरण मालापूरे गोस्वामी द्वारा निर्धारित उद्देश्यों एवं आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी साझा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को एकजुट होकर गति देने का




आह्वान किया।बैठक में उपस्थित महंतों ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार, टोला और मोहल्ले को नशामुक्त करने का प्रयास नहीं करेगा, तब तक व्यापक स्तर पर समाज को नशामुक्त बनाना संभव नहीं है। जिला प्रतिनिधि एवं परोपकार प्रतिनिधियों ने भी समाज सुधार और सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया।इस अवसर पर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में आयोजित पंथ श्री के चादर तिलक समारोह में सेवा देने वाले सेवार्थियों को पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब एवं पूज्य गुरु गोसाईं प्रखर प्रताप गोस्वामी जी द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्रों से एसकेडीवी मिशन के उप राज्य उपप्रतिनिधि एवं जिला प्रतिनिधियों ने सम्मानित किया।कार्यक्रम में एसकेडीवी मिशन के जिला, तहसील एवं ग्राम प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कबीर पंथी अनुयायी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, मंडल अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** महाशिवरात्रि महापर्व के अवसर पर ग्राम जैतपुरी में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम के देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे शरीर स्वस्थ व मन प्रफुल्लित रहता है।



उन्होंने युवा खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि "नशा नाश की जड़ है।" हर युवा को किसी भी प्रकार के व्यसन से दूर रहना चाहिए। उन्होंने खेल के नियमों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार नियमों के उल्लंघन पर खिलाड़ी खेल से बाहर हो जाता है, उसी प्रकार जीवन में नशा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है। इसलिए खिलाड़ियों और युवाओं को अनुशासित जीवन अपनाते हुए नशामुक्त रहना चाहिए।खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मंडल अध्यक्ष ने खेल समिति को तत्काल एक हजार रुपये की नगद सहयोग राशि प्रदान की, जिससे प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा सके।आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में 36 ग्रामीण टीमों ने भाग लिया है। प्रथम पुरस्कार 12 हजार रुपये एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 6 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार वनवासी, मंडल मंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी मनीष ठाकुर, ग्राम के पंच सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे।

## देवनाला पर्यटन स्थल में महाशिवरात्रि पर्व पर दो दिवसीय मेला का आयोजन

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरदा सक्का में देवनाला पर्यटन स्थल में दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। यह स्थल बहुत ही पुरानी प्राकृतिक धार्मिक धरोहर हैं। जानकारों के अनुसार यह स्थित भगवान शंकर की मूर्ति में स्नान कर शिव लिंग में जल चढ़ाने का बहुत बड़ा महत्व बताया गया हैं। यहां पर आज से नहीं बल्कि प्राचीन काल से प्रतिदिन शिवभक्तों का स्नान एवं दर्शन करने के लिए आना जाना लगा रहता हैं। विशेष कर प्रत्येक वर्ष देवनाला में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालूओं के द्वारा व्रत धारण कर अपने श्रद्धाभाव से पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व में देवनाला में स्नान पूजन करने और महादेव शिवलिंग का दर्शन व जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडती है। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर देवनाला पर्यटन स्थल में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। महाशिवरात्रि पर्व पर यहां दो दिवसीय मेला का आयोजन किया गया हैं।



## पाइप लाइन डालने से खेतों में लगी फसल हो गई नष्ट, क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की मांग

**डिंडौरी। जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में पानी सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालने से खेतों में लगी फसल नष्ट हो रही है। नष्ट हुई फसलों के एवज में क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में किसानों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया गया है।**

आवेदन में किसान संतोष कुमार राजपूत निवासी ग्राम खरगहना सहित अन्य किसानों ने बतलाया कि ग्राम कारोपानी में केन्द्रीयकृत पाइप लाइन डालने वालो द्वारा खेत में लगी अरहर की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दी गई है। खोदी गई पाइप लाईन की मिट्टी में दबकर पूरी तरह फसल बर्बाद हो गई है, जिसकी नुकसानी दिलाने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया कि बिना किसानों की मर्जी से कार्य किया जा रहा है। समय में मुआवजा का भुगतान भी नही किया जा रहा है। किसानो की हालात को देखते हुये फसल नुकसानी का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई गई है, वहीं जल निगम बोर्ड के अधिकारियों ने बतलाया कि जिन किसानों की जमीन में फसल लगी है और पाईपलाईन का कार्य किया जा रहा है उनसे सहमति लेने के साथ क्षतिपूर्ति राशि भी दी जा रही है। जानकारी में यह भी बतलाया गया कि डिंडोरी जिले के 414 ग्रामों में पानी सप्लाई की योजना है जिसके तहत इंटकवेल का निर्माण कार्य जारी है फिल्टर निर्माण और पूर्ण पाईप लाईन विस्तार के बाद पानी सप्लाई किया जाना है। फिलहाल पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी जारी है।



## मोटर साईकिल की टक्कर से 6 वर्षीय बालक घायल

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना अंतर्गत मडियारास में शनिवार सुबह लगभग 11 बजे अपने पिता के साथ नर्मदा से लौट रहे 6 वर्षीय बालक को मोटर साईकिल चालक ने टक्कर मार दिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी पुलिस को मोहन सिंह पिता गन्नू सिंह ठाकुर निवासी मडियारास ने बतलाया कि मैं अपने भतीजे और पुत्र जयंत कुमार उम्र 6 साल के साथ नर्मदा नदी से नहा कर वापस घर लौट रहा था इसी दौरान सामने तरफ से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 52 जेडबी 6697 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया जिससे मेरे पुत्र के पैर में चोट लगी है, जिसका इलाज जारी है।

## मंडला बस स्टैंड में 13 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी मंडला बस स्टैंड में एक व्यक्ति के कब्जे से 13 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि मंडला बस स्टैंड डिंडोरी मे पान ठेला के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री हेतु रखे हुआ है। मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकडा गया, जिसके पास तांत के एक थैला में 13 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल कीमती 910 रुपये रखी मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश पाराशर पिता रामकुमार पाराशर उम्र 33 साल निवासी वार्ड नम्बर 15 मंडला बस स्टैण्ड डिंडौरी बताया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 ए का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## ऑटो की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक हुआ घायल

**डिंडौरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का के पास ऑटो की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। घटना के संबंध में फरियादी संतोष कुमार वनवासी पिता देवलाल वनवासी उम्र 41 साल निवासी ग्राम कचनारी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे मेरा छोटा भाई सतीश वनवासी अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 52 एमसी 4093 से घर से सक्का जाने के लिए निकला था। करीब 20 मिनट बाद भाई सतीश बनवासी का फोन आया जो मुझे बताया कि मेरा सक्का के पहले मेन रोड मे ऑटो से एक्सीडेंट हो गया है। मै उसकी बतायी जगह पर पहुंचा, तो सतीश रोड किनारे पड़ा हुआ था, वही पास मे मोटरसाईकिल भी पडी हुयी थी। सतीश को काफी चोट लगी थी। सतीश ने बताया कि मैं घर से अपनी मोटरसाइकिल से सक्का जाने के लिए निकला था। रास्ते में सक्का की तरफ से आ रहे आटो क्रमांक एमपी 51 जेडबी 2836 के चालक ने लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल मे सामने से मार दी। प्रायवेट वाहन से सतीश को जिला अस्पताल लेकर लाया गया। रिपोर्ट पर आरोपी ऑटो चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 15 कठोतिया में सभी श्रद्धालुओं के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 14 फरवरी से 20 फरवरी तक शिव मंदिर परिसर में बाल विदुषि वैष्णवी गोस्वामी के मुखारविंद से किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से शाम 05 बजे तक चलने वाली इस कथा श्रवण हेतु सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

### एमएसएमई योजना नई औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 को 24 फरवरी 2025 से प्रभावशील है। यह योजना 24 फरवरी 2025 या उसके बाद वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली विनिर्माण क्षेत्र की एमएसएमई इकाइयों को विशेष सहायता प्रदान करेगी। योजना के तहत नीति की प्रभावशील अवधि में विस्तार, डायवर्सिफिकेशन अथवा तकनीकी उन्नयन करने वाली विद्यमान विनिर्माण इकाइयों को उनके अतिरिक्त पात्र निवेश पर नई औद्योगिक इकाई के समकक्ष सहायता का लाभ मिलेगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि संयंत्र एवं मशीनरी में 10 करोड़ रुपये तक निवेश करने वाली नई औद्योगिक इकाइयों को संयंत्र एवं मशीनरी भवन अतिरिक्त मान्य मदों में किए गए पात्र निवेश पर 40 प्रतिशत उद्योग विकास अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान चार समान वार्षिक किश्तों में वितरित किया जाएगा। महिला, अनुसूचित जाति (अजा) एवं अनुसूचित जनजाति (अजजा) उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों को प्रतिवर्ष 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान चार वर्षों तक दिया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की इकाइयों को यदि संयंत्र एवं मशीनरी में 5 करोड़ रुपये से अधिक निवेश किया जाता है, तो उन्हें विद्युत टैरिफ की प्रतिपूर्ति व मंडी शुल्क की प्रतिपूर्ति 5 वर्ष तक की अवधि के लिए देय होगी। इच्छुक उद्यमी विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर अथवा विभागीय पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

### छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मगरधा शेढ में कक्षा 8वीं के छात्र- छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा शाला को राधा कृष्ण की मनोरम प्रतिमा भेंट की गई। सभी छात्र- छात्राओं को वार्षिक परीक्षा तैयारी हेतु हार्डबोर्ड,पेन, एवं गिफ्ट प्रदान किये गये। सभी छात्र- छात्राओं को मिठाई, टाफिया एवं स्वल्पाहार कराया गया। उसके उपरांत सभी छात्र- छात्राओं द्वारा अपने विद्यालीय अनुभवों को साझा किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान पाठक ललित मेहरा, श्रीमती प्रीति उप्रेलिया, राजेन्द्र कतिया, नीलेश किनोरहा, महेंद्र पटेल, संतोष नेमा, महेश विश्वकर्मा, हीरालाल चौधरी सहित सभी स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

### सराफा के महाराजा का शिवशंकर स्वरूप में अलौकिक श्रृंगार, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



गोटेगांव। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के सराफा बाजार स्थित भव्य मंदिर में विराजमान सराफा के महाराजा श्रीराम भक्त पवनपुत्र हनुमानजी का शिवशंकर स्वरूप में आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार हर धार्मिक पर्व पर अलग-अलग स्वरूप में श्रृंगार किए जाने की कड़ी में इस बार बजरंगबली को भोले भंडारी के दिव्य रूप में सुसज्जित किया गया।भगवान का विशेष श्रृंगार भस्म, रुद्राक्ष, जटाजूट और त्रिशूल-डमरू के प्रतीकात्मक अलंकरण के साथ किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से पूरा सराफा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।इस अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मनमोहक श्रृंगार के दर्शन कर भक्त भावविभोर हो उठे और इसे अद्वितीय एवं अविस्मरणीय बताया।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

# जगह-जगह निकाली गई शिव की बारात











### हर-हर महादेव से गूंजा शिवालय

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

रविवार को सम्पूर्ण जिले महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने उपवास रख कर शिवालयों में पूजा-अर्चना की शिवरात्रि को लेकर बरमान स्थित दीपेश्वर मंदिर, नरसिंह मंदिर के सर्वेश्वर महादेव महादेव पिपरिया डमरू घाटी स्थित शिव मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में महादेव की विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों द्वारा फूल, बेलपत्र, धतूरा, बेर, गेंहू की बाल, सिंगाड़ा, आम की मोहर आदि सामग्री अर्पित की गई। इस अवसर पर शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया। प्रमुख मंदिरों के बाहर मेले का भी आयोजन किया गया था। शिवरात्रि के मौके पर जिले के विभिन्न हिस्सों में भक्तों द्वारा आकर्षक झांकी भी निकाली गयी। महाशिवरात्रि के मौके पर निकलने वाली झांकी व शिव बारात को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया था।

### मंदिरों मे अनवरत बनी रही भीड़

महाशिवरात्रि को लेकर जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के सभी शिवालयों में सुरक्षा को लेकर महिला व पुरूष बल की तैनाती की गयी थी। सुबह 05 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में जुटनी शुरू हो गयी थी। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा का खास ख्याल रखा गया था। सिंहपुर चौराहा स्थित शिव मंदिर से शिव बारात एवं भव्य झांकी निकाली गयी, लोग अपने घरों से निकल कर दर्शन करते नजर आए। महाशिवरात्रि को लेकर पूरे दिन शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। सभी शिवालयों एवं मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना की लिए लोगों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने स्टॉल लगाकर प्रसाद का भी वितरण किया।

### महाशिवरात्रि को लेकर मान्यताएं

महाशिवरात्रि लेकर मान्यता है कि इस दिन शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। इसलिए इस दिन व्रत किया जाता है और शिव जी के साथ गौरा यानी कि मां पार्वती की पूजा होती है। भगवान शिव को चतुर्दशी तिथि का स्वामी माना जाता है। ईशान संहिता में कहा गया है कि भगवान शिव फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि वाले दिन ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रगट हुए थे। इसलिए इस तिथि वाले दिन महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। लेकिन इसके अलावा भी महाशिवरात्रि के विषय में मान्यताएं हैं। एक कथा के अनुसार, इस दिन सागर मंथन हुआ था और जिसमें से कालकेतु विष निकला था। उस समय भगवान शिव ने संपूर्ण ब्रह्मांड की रक्षा करने के लिये स्वयं ही पूरा विष पी लिया था। जिस कारण उनका पूरा कंठ नीला हो गया था। विषपान के बाद से ही उन्हें नीलकंठ की संज्ञा दी गई। अन्य मान्यताओं में इस दिन को शिव पार्वती के विवाह के रूप में भी मनाने की परंपरा रही है।

### नर्मदा तटों पर उमड़े श्रद्धालु

आज महाशिवरात्रि पर्व पर नर्मदा तटों पर अलसुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान करने पहुंचे। वहीं स्नान के बाद श्रद्धालुओं द्वारा घाटों पर बने मंदिरो में अभिषेक पूजन किया गया। इसके अलावा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडरवारा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। साथ ही महादेव पिपरिया में भी मेला लगता है। जिले के प्रमुख तीर्थक्षेत्र बरमान में सुबह से नर्मदा के सीढ़ीघाट, रेत घाट, सतधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-पूजन करने पहुंचें। यहां नर्मदा की दो धाराओं के बीच टापू पर बने प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में विराजित शिवलिंग का अभिषेक पूजन करने के लिए नौकाओं से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। पंचकोषी परिक्रमा के दौरान इस मंदिर में ओंकारेश्वर की मान्यता के अनुसार पंचकोषी परिक्रमा पूर्ण होने पर पूजन किया जाता है। मंदिर काफी प्राचीन है और मंदिर को श्रद्धालुओं के सहयोग से नया स्वरूप मिला है जिससे यहां नरसिंहपुर, करेली, सागर, छिंदवाड़ा, रायसेन आदि जिलो से भी पूजन के लिए श्रद्धालु यहां बड़ी संख्य में आते हैं। नर्मदा के ककराघाट पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। इसी तरह नर्मदा के अन्य घाटों पर भी स्नान-पूजन का क्रम शाम तक चलता रहा।

### कलेक्टर ने किया पूजन अर्चन

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी पहुंचकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा जिले की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नगर के आध्यात्मिक वैभव में आज उस समय एक नया अध्याय जुड़ गया, जब महाशिवरात्रि के महापर्व पर यादव कॉलोनी, जरजोला रोड स्थित प्रसिद्ध नर्मदेश्वर महादेव शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही मंदिर के कपाट खुलते ही भगवान आशुतोष के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात एवं शोभायात्रा निकाली जा रही है जो कि सिंहपुर चौराहा शिव मंदिर से शाम 5 बजे प्रारंभ हुई और देर रात्रि तक नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती रही। आमजन व समाजसेवी लोगों द्वारा डमरू घाटी जाने वाले मार्ग पर अनेक स्थानो पर पेयजल सेवा, फलाहारी प्रसादी का वितरण किया गया।




## वन स्टॉप सखी सेंटर से पीड़ति महिलाओं को मिल रही सहायता

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी) के माध्यम से घरेलू हिंसा एवं अन्य प्रकार की हिंसा से पीड़ति महिलाओं और बालिकाओं को एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की निरूशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिला स्तर पर यह केंद्र वर्ष 2018 से निरंतर संचालित है और जरूरतमंद महिलाओं के लिए संबल का केंद्र बना हुआ है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नरसिंहपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि वन स्टॉप सखी सेंटर में आने वाली पीड़ति महिलाओं एवं बालिकाओं को आश्रय सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता तथा अन्य आकस्मिक सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। इन सेवाओं का उद्देश्य पीड़ति महिलाओं को त्वरित संरक्षण एवं पुनर्वास प्रदान करना है। जिससे भविष्य में और अधिक सुदृढ़ एवं सुविधायुक्त सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

## नर्मदा नदी में डूबा 15 वर्षीय, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी अंतर्गत ग्राम महादेव पिपरिया स्थित नर्मदा नदी में स्नान के दौरान एक 15 वर्षीय बालक डूबकर लापता हो गया। घटना रविवार को महाशिवरात्रि के दिन की है, बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान व दर्शन के लिए पहुंचे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय जेल कॉलोनी जबलपुर निवासी टीकाराम राजोरिया अपने पुत्र ओम राजोरिया के साथ ग्राम बड़गुवां में रिश्तेदार के यहां आए थे। महाशिवरात्रि के अवसर पर दोनों महादेव पिपरिया स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। सुबह लगभग 11.30 बजे पिता-पुत्र नर्मदा नदी में स्नान कर रहे थे। स्नान के बाद टीकाराम मंदिर में स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए चले गए, जबकि ओम नदी में ही नहाता रहा। बताया जा रहा है कि इसी दौरान ओम गहरे पानी में चला गया और डूब गया। भीड़ अधिक होने के कारण अधिकांश लोगों को तत्काल घटना की जानकारी नहीं लग सकी, लेकिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा शोर मचाने पर लोगों का ध्यान इस ओर गया। स्थानीय गोताखोरों और मौजूद लोगों ने नदी में गोता लगाकर बालक की तलाश की, परंतु सफलता नहीं मिल सकी। जब पिता को घटना की जानकारी मिली तो वे व्याकुल हो उठे। सूचना मिलने पर पुलिस और होमगार्ड तैराक दल मौके पर पहुंचा और बालक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बालक का कोई सुराग नहीं लग सका था। रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार तलाश की जा रही है। नदी में पानी का बहाव अधिक होने के कारण खोज कार्य में कठिनाई आ रही है।



## असिस्टेंट बुक कीपर का 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सेंट आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान में 30 दिवसीय आवासीय असिस्टेंट बुक कीपर का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 9 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने ग्रामों में जाकर स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। उन्हें यह भी आश्वस्त किया गया कि स्वरोजगार की दिशा में संस्थान द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर असेसमेंट ऑफिसर आनंद सिंह, निदेशक सेंट आरसेटी श्रीमती अनामिका मल्ल, आशीष नामदेव, श्रीमती शिखा कुशवाहा, गगन शर्मा, रत्नेश दुबे एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# जगह-जगह हुये अभिषेक पूजन



तेंदूखेड़ा

भगवान भोलेनाथ की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व पर संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो गया।सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से शिवाभिषेक पूजन अर्चन किया। जगह-जगह दिन भर पूजन अभिषेक का क्रम जारी रहा। शिवालयों में विशेष साज सज्जा की गई तथा अभिषेक पूजन भजन का क्रम लगातार जारी रहा।

### *निकाली गई कांवर यात्रा*

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के शिवभक्तों द्वारा पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट से कांवर यात्रा निकाली जो खमरिया बरांझ स्थित कुटी भगवान भोलेनाथ शूलपांणेश्वर मंदिर में नर्मदा जल से अभिषेक पूजन अर्चन के उपरांत संपन्न हुई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया फलाहार चाय पानी की व्यवस्था की गई।

### *निकाली गई बारात*

विगत चार दशकों से चली आ रही परम्परा के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 12 से भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। जिसमें नगर के सभी प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के साथ बैठे विभागों के अधिकारी

तेंदूखेड़ा

विगत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें अलग अलग विभागों की विंदु बार चर्चा हुई। जिसमें पीएचई वन कृषि विद्युत राजस्व खाद्य मंडी जनपद पंचायत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किसान एवं मजदूर भाईयों के ज्वलंत लंबे समय से लंबित समस्याओं को एक एक कर सभी विभागों के समक्ष स्पष्ट तथ्यात्मक एवं सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा समस्याओं के शीघ्र पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण का आश्वासन दिया गया। विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण ग्रामीण अंचल के उपभोक्ता अत्यधिक परेशान हैं। अनाप शनाप बिजली बिल मनमानी वसूली एवं अवैध कार्यवाहियों पर संगठन ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि किसानों मजदूरों का शोषण अब किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता एवं चुप्पी पर संगठन ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जनता की समस्याओं से मुँह मोड़ना जनप्रतिनिधियों के दायित्व के विरुद्ध है। राजस्व विभाग में व्याप्त अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने एवं पूरी तहसील क्षेत्र में सरकारी रास्तों को खुलवाने हेतु ठोस एवं निर्णायक कार्यवाही की मांग की गई।

पी एच ई विभाग को निर्देशित किया गया कि वे सभी लंबित एवं चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। जर्जर टूटी पाइप लाइन और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें जिससे ग्रामीण जनता को राहत मिल सके। कृषि विभाग से मांग की गई कि डबल लॉक वेयरहाउस तत्काल खोले जाएं ।टोकन सिस्टम समाप्त किया जाए नगद विक्रय एवं ऑफलाइन खाद वितरण व्यवस्था तुरंत लागू की जाए इन सभी विषयों पर गंभीर सार्थक सकारात्मक चर्चा हुई । जिसमें प्रशासन द्वारा निराकरण का भरोसा दिलाया गया।

## महाशिवरात्रि पर श्री राजयोग आश्रम में हुआ भव्य रुद्राभिषेक, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब




बरहटा।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम में भगवान सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से ही आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजायमान रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेंद्र शाह जी सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिकों ने पूजन-अर्चन में सहभागिता की। आचार्य पंडित रामकिशोर शास्त्री जी एवं पंडित हेमराज शास्त्री जी ने विधि-विधान से विशेष मंत्रों और श्लोकों के उच्चारण के साथ भगवान सिद्धेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक संपन्न कराया। दूध, दही, घृत, शहद एवं गंगाजल से अभिषेक कर भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।आश्रम प्रभारी सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और प्रसादी वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित रुद्राभिषेक ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

## राशन दुकानों में कालाबाजारी का आरोप, दलालों का बोलबाला

### उचित मूल्य की दुकानों पर अनियमितताओं से उपभोक्ता परेशान, कार्रवाई की मांग तेज

गोटेगांव।



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर राशन वितरण व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। हितग्राहियों ने वितरण में अनियमितताओं और कालाबाजारी के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कई दुकानों के बाहर सक्रिय दलाल कम कीमत पर राशन खरीदकर उसे बाजार में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं।राशनधारियों के अनुसार, जैसे ही वे सरकारी दुकान से गेहूं, चावल या अन्य सामग्री लेकर बाहर निकलते हैं, कुछ लोग उन्हें तुरंत कम दाम में राशन बेचने के लिए प्रेरित करते हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कई जरूरतमंद परिवार नकद राशि की आवश्यकता के कारण मजबूरी में राशन बेच देते हैं। इसके बाद यही सामग्री बाजार में ऊंचे दामों पर बेची जाती है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है।कुछ उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और समय पर पूर्ण मात्रा में राशन नहीं दिया जाता। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह स्थिति न केवल गरीबों के अधिकारों का हनन है, बल्कि सरकारी योजनाओं के उद्देश्य को भी विफल कर रही है।स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि उचित मूल्य की दुकानों पर नियमित निरीक्षण किया जाए, वितरण प्रक्रिया की निगरानी बढ़ाई जाए और कालाबाजारी में लिप्त दलालों व संबंधित जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जरूरतमंदों को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाएगा।